पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 10–01–2021

दिनांक 09/10–01–2021 को रात्रि थाना इन्दिरानगर 02, कृष्णानगर 01 अभियुक्त गिरफ्तार। **इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

डी0सी0पी0 उत्तरी।

अभियुक्त गिरफ्तार।

विकासनगरः–दिनांक 10–01–2021 को थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि दिनांक 28–12–2019 को वादिनी श्रीमती सवांरा गौड़ पत्नी जगदीश निवासी गुलाचिन मन्दिर थाना अलीगंज लखनऊ द्वारा थाना विकासनगर पर अपनी पुत्री श्रीमती कान्ति उर्फ ज्योति उम्र करीब 26 वर्ष के सम्बन्ध में धारा 498ए/304बी भादवि व धारा 03/04 डीपी एक्ट का अभियोग बनाम 1–मेवालाल (ससुर) आदि ससुरालीजनों के विरुद्व पंजीकृत कराया गया था। **जिसकी विवेचना ए0सी0पी0 महानगर द्वारा की जा रही थी। जिनके निर्देशन में आज दिनांक 10–01–2021 को** एस0आई0 श्री शिशिर कुमार सिंह थाना विकासनगर लखनऊ द्वारा उपरोक्त मुकदमें के नामजद व वाछिंत अभियुक्त **1–मेवालाल (ससुर) पुत्र स्व0 सीताराम मूलनिवासीः–ग्राम गुडहिया नं0 04 बाजारपुरवा थाना कैसरगंज जनपद बहराइच, हालपताः–एन0डी0 तिवारी नगर दिनेश मेडिकल स्टोर के पीछे थाना विकासनगर लखनऊ** को संगम तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्व थाना विकासनगर पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

डी0सी0पी0 पश्चिमी।

सट्टा खेलते समय गिरफ्तार।

थाना बाजारखालाः–दिनांक 09–01–2021 को एस0आई0 श्री प्रहलाद सिंह थाना बाजारखाला लखनऊ द्वारा अभियुक्त 01–मो0 युनुस पुत्र मो0 अहमद निवासी आगा साहब का हाता कटरा खुदायार खां थाना बाजारखाला लखनऊ 02–मो0 असरफ पुत्र मो0 सफदर निवासी 359/459 कटरा खुदायार खां थाना बाजारखाला लखनऊ को आपस में रूपये की हारजीत की बाजी लगाकर मोबाइल द्वारा सट्टा खेलते समय सार्वजनिक स्थान कटरा खुदायार खाँ चौराहा हैदरगंज से गिरफ्तार किया गया, जिनके 02 अद्द मोबाईल व 3080/–रूपये बरामद कर थाना बाजारखाला पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

जानकीपुरमः–दिनांक 10–01–2021 को थाना जानकीपुरम् द्वारा बताया गया कि श्री विजय बहादुर सिंह पुत्र स्व0 विश्वनाथ सिंह निवासी गड़रियनपुरवा के पश्चिम नहर रोड़ थाना जानकीपुरम् लखनऊ ने थाना जानकीपुरम् पर सूचना दिया कि आज दिनांक 10–01–2021 को समय करीब 11.30 बजे उसके घर में काम करने वाला लेबर जिसका नाम रामपाल यादव उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र स्व0 गयादीन यादव निवासी ग्राम विसेसर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर का निवासी था, जिसकी मिर्गी का दौरा आने की वजह से उसकी मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री कौशलेन्द्र सिंह मो0नं0 9005606744 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।**